सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{22 माघ, 1947 (श०)}}{\text{11 फरवरी, 2026 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 221**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 87 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 51 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 10 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 49 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 08 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 13 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 221 |

### सड़क का निर्माण

*595. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत झारा पंचायत के रोड नम्बर 17, बहोरवा प्राथमिक विद्यालय से झाड़ा, सीसोना और बेलडावर तक सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### नाला (नहर) की सफाई

*596. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान सभा के महत्वा चाप से जल निकासी हेतु मटथवा चाप से दूधीधार छईपट्टी तक नाला (नहर) में गाद एवं जंगल हो जाने से चाप के 25000 हजार एकड़ में लगे फसल बर्वाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला (नहर) की सफाई एवं मजबूतीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क का निर्माण

*597. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के बैरियाडीह पंचायत में अंबिका सिंह के घर भाया धनपत सिंह के घर होते हुए मसान माई स्थान तक सड़क पर जानलेवा गड्ढा होने के कारण ग्रामीण जनता को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क का चौड़ीकरण

*598. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के रामचन्द्रा चौक से पदमौल होते हुए बाधी तक पी0डब्लू0डी0 पथ की चौड़ाई कम रहने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*599. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकहा प्रखंड के ग्राम-खड़कपुर में उमेश साहु की दुकान से ग्राम-बधुआ शिव मंदिर, मरहिया-महादेव मठ मुख्य सड़क तक लगभग 1.5 किलो मीटर सड़क कच्ची रहने के कारण आमजनों को बरसात में आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी कराना

*600. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड के बलिया पंचायत के ग्राम-करमैनी मौजा में कई वर्षों से करीब 200 बीघा जमीन में जल-जमाव की वजह से खेती नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्र से जल निकासी हेतु चेकडैम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*601. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड सोनो के ग्राम-बुढ़िया-लापड़ से कर्माटांड़ एवं प्रखंड चकाई के नौवाडीह पंचायत स्थित मंझलीटांड़ से बेला मोड़ तक कच्ची ग्रामीण पथ जर्जर अवस्था में हो गया है जिससे आमजनों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित ग्रामीण कच्ची पथों का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*602. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-देवीपुर से देवरी (झारखंड) एवं अन्य प्रदेशों को जोड़ने हेतु सोन नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बिहार और झारखंड के बीच आने-जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*603. मो0 सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड के डेरामाड़ी पंचायत में मोहरमाड़ी प्रधानमंत्री सड़क से कनकई नदी होते हुये मस्जिदगद् गाँव एवं कब्रिस्तान तक की सड़क कच्ची है जो बरसात के दिनों में चलने लायक नहीं रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भू-खंड का सीमांकन

*604. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक 3452, दिनांक 12 सितम्बर, 2023 के द्वारा मधुबनी जिला के धोघरडीहा अंचलान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी में अवस्थित 5 एकड़ 37 डिसमिल का एक ही भू-खंड में जिसका खाता संख्या 361 तथा खेसरा संख्या 583 (पुराना), नया 1125, 597 (पुराना), नया 1127 एवं 598 (पुराना), नया 1126 है के बारे में समाहर्ता मधुबनी को प्रतिवेदित किया था, जिसका सीमांकन कराकर अपने अधिकार क्षेत्र में सरकार के द्वारा आजतक नहीं लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भू-खंड का कबतक सीमांकन कराकर अपने कब्जा में लेने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*605. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी शहर के निधि चौक से मधुबनी रेलवे स्टेशन तक पथ निर्माण/जीर्णोद्धार का कार्य विगत कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अधूरे सड़क को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पदों पर नियुक्ति

*606. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा C.W.J.C No. 8288 of 2024 के आदेश में पटना जिलान्तर्गत 18 दलपतियों को पंचायत सचिव के रिक्त पदों पर नियुक्त करने का आदेश दिया गया जिसके लिए 90 दिनों का समय-सीमा तय की गई थी, इसके बावजूद अभीतक उक्त 18 दलपतियों को पंचायत सचिव के रिक्त पदों पर नियुक्त नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पटना जिला के उक्त 18 दलपतियों को पंचायत सचिव के रिक्त पदों पर नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कालीकरण एवं मरम्मती कराना

*607. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत ग्राम-अमैठी खुर्द गोपालगंज से सिवान जिला के तरफ जाने वाली सारण नहर पथ गोपालगंज क्षेत्र में ईंटीकरण है जबकि सिवान सीमा प्रारंभ से अंत तक कालीकरण हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण मुख्य नहर गोपालगंज उत्तर प्रदेश की सीमा से लेकर सगुनी परसा तक अत्यंत जर्जर है, जिसका मरम्मती का काम धीमी गति से चल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित नहर पथ का कालीकरण एवं खंड (2) में वर्णित मरम्मती कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मार्ग का चौड़ीकरण

*608. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत बाईपास के किनारे स्थित पहुँच पथ, जो बिरला ओपन माइंड स्कूल होते हुए कुतुबगंज-बबरगंज तथा सूर्यलोक कॉलोनी होते हुए मिर्जानहाट-ईशाकचक मुख्य सड़क को जोड़ती है, वर्तमान में यह संकरी है, जबकि उक्त मार्ग के दोनों ओर लगभगर 80 फीट तक पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपलब्ध सरकारी भूमि का उपयोग कर मानक सड़क के रूप में उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*609. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत बरमसिया-गोलनीटांड पथ का निर्माण वर्ष 2022 में RCPLWEA अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कराया गया है, इस पथ के 10वें किलो मीटर पर स्थित ढीवी नदी पर पुल नहीं रहने से पहाड़ों एवं जंगलों से घिरे हुए क्षेत्रों में प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्र के बच्चे, बुजुर्ग एवं आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त समुचित आवागमन हेतु उक्त पथ के 10वें किलो मीटर पर स्थित ढीवी नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*610. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सोन नदी के किनारे मरीन ड्राइव की तर्ज पर हाईवे के साथ ही फुटपाथ, लाइटिंग और मनोरंजक स्थल विकसित किए जाने से ट्रैफिक को सुचारू बनाने के साथ-साथ शहर के सौंदर्य को बढ़ाने एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है, यदि हाँ, तो सरकार सोन नदी के किनारे नासरीगंज से NH-19 होते हुए इन्द्रपुरी तक मरीन ड्राइव की तर्ज पर पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*611. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत खरडीहा मोड़ से रिसियप (12.50 कि0मी0) भाया कोइरी बिगहा-सिमरा पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है, जो देव एवं कुटुंबा प्रखंड सहित 5 पंचायतों एवं अनेक संस्थानों को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग है ;

(2) क्या यह बात सही है कि NH-139 (पटना-औरंगाबाद-हरिहरगंज) के संकीर्ण होने एवं भारी अंतर्राज्यीय यातायात के कारण हो रही भीषण दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों को गंभीर मानवीय व आर्थिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित खरडीहा-रिसियप पथ का विभाग हस्तांतरण कर चौड़ीकरण एवं (खंड 2) NH-139 को प्राथमिकता पर फोरलेन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## राजमार्ग का चौड़ीकरण

*612. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बांका-पोखरिया-साहेबगंज को जोड़ने वाली पथ का चौड़ीकरण वर्षों से लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आये दिन इस राजमार्ग पर बड़े वाहनों का परिचालन अत्यधिक बढ़ जाने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले आमजन बड़े वाहनों के चपेट में आकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त राजमार्ग का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि बांका जिलान्तर्गत बांका से पोखरिया पथ की कुल लम्बाई 7.70 कि0मी0 है, जिसकी चौड़ीकरण 5.50 मी0 से 7.00 मी0 में RCPLWEA (Road Connectivity Project for Left Wing Extremism Affected Areas) योजना के तहत वर्ष 2020 में किया गया है।

समुखिया से प्रारम्भ होकर पोखरिया से साहेबगंज पथ की कुल लम्बाई 32.40 कि0मी0 है, जिसकी चौड़ीकरण 5.50 मी0 से 7.00 मी0 में RCPLWEA योजना के तहत वर्ष 2023 में किया गया है।

Further चौड़ीकरण के बिन्दु पर तकनीकी अध्ययन कराकर उपलब्ध संसाधन एवं प्राथमिकता के अनुरूप निर्णय लिया जायेगा।

--------

## सड़क का जीर्णोद्धार

*613. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत खुशरूपुर प्रखंड में (एस0 एच0-106) से समनापर मोड़ पथ भाया खुशरूपुर रेलवे स्टेशन से गणीचक राजकीय हाई स्कूल होते हुये एन0 एच0 -30 बाँस टाल चौराहा तक की सड़क जिसकी लंबाई लगभग दो किलो मीटर की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर है और हमेशा दुर्घटना होते रहती है, साथ ही बरसात के दिनों में पूरा सड़क जलमग्न हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*614. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, करबलाहाट मुसहरी टोला के आगे माईनर नहर तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सिरे से पक्कीकरण कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फोरलेन सड़क का निर्माण

*615. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में एक भी फोरलेन सड़क उपलब्ध नहीं है तथा इस्लामपुर से फतुहा को जोड़ने वाला मौजूदा अविभाजित राजमार्ग भारी मालवाहक वाहनों एवं दैनिक यात्रियों के दबाव के कारण लगातार जाम, विलंब एवं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र से निकटतम फोरलेन सड़क लगभग 30 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है तथा हिलसा अनुमंडल की जनसंख्या लगभग 10 लाख है, जिसके अनुपात में वर्तमान सड़क अवसंरचना अपर्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजगीर से इस्लामपुर होते हुए फतुहा के बीच फोरलेन सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव निरोधी कार्य करवाना

*616. श्री भाई बिरेंद्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत-किन्ता चौहत्तर पूर्वी पश्चिमी, मध्य मंगरपाल सहित छः पंचायतों में गंगा सोन एवं सरयुरा नदियों के तेज कटाव से स्थानीय निवासियों का घर एवं उपजाऊ भूमियां नदियों के गर्भ में समाती जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्थलों पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण कराना

*617. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहां विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बूढ़ी गंडक नदी के दोनों तरफ के तटबंध पर अखाड़ाघाट पुल के उस पार अखाड़ा घाट चौक के चक मोहम्मद, पुनास, अकबरपुर होते हुए समस्तीपुर की सीमा तक के तटबंध तक तथा अखाड़ाघाट पुल के इस पार शहर की तरफ से चंदवारा से दरधा तक बांध पर चौड़ीकरण के साथ पक्कीकरण कराए जाने की मांग पिछले 5 वर्षों से प्रश्नकर्ता द्वारा की जा रही है परंतु अभी तक उक्त कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त वर्णित अंशों तक बूढ़ी गंडक नदी के दोनों तटबंधों का कबतक चौड़ीकरण कराते हुए पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*618. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के पलसा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क से खेमिया रहिकाटोला जाने वाली सड़क कच्ची होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का पक्कीकरण

*619. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरा-लिलजा पथ जर्जर है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*620. श्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल (क्षेत्र संख्या-153 गोपालपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत नवगछिया महादेवपुर घाट के कि०मी० 1.0 से 11.9 तक सड़क, गंगा ब्रिज पहुँच पथ में जाम के कारण उसके एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में कार्य करता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवगछिया-महादेवपुर घाट के कि०मी० 1.0 से 11.9 तक सड़क विभिन्न गांवों को नवगछिया अनुमंडल, सदर अस्पताल, नवगछिया बाजार एवं भागलपुर जिला मुख्यालय व NH-31 को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण पथ है, परन्तु इसकी चौड़ाई कम होने के कारण हमेशा दुर्घटना की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवगछिया-महादेवपुर घाट के कि०मी० 1.0 से 11.9 तक सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*621. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभुतिपुर प्रखंड के सुरौली पंचायत के वार्ड संख्या-03 महादलित टोला (आवादी-1000) से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पगडंडी से आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोला से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*622. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय विधान सभा के वीरपुर प्रखंड के नौला पंचायत में बैती नदी पर पुल, पर्रा पंचायत के सरौंजा में कुरूनमा नदी पर पुल एवं बेगूसराय प्रखंड के कैथ पंचायत में सांगो घाट से सकरी घाट तक पुल का माह सितम्बर, 2025 के पूर्व निविदा प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलों का सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के लगभग 4 माह बाद भी केवल विभागीय शिथिलता और उदासीनता के कारण उक्त पुलों का निर्माण कार्य धरातल पर प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तालाब का जीर्णोद्धार

*623. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के कुल्हड़िया ग्राम वार्ड नं०-11 में अवस्थित जरियाही तालाब जिसका खाता सं० 396, खेसरा-3112, रकबा-01-19-13 (एक बिगहा उन्नीस कट्ठा तेरह धुर) है जो जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तालाब को अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । प्रश्नगत तालाब के संबंध में जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि तालाब में पानी अत्यधिक रहने के कारण अभी जीर्णोद्धार नहीं कराया जा सकता है । तालाब सूखने के पश्चात् जीर्णोद्धार करा लिया जायेगा ।

---

सड़क का चौड़ीकरण

*624. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड से कलाली चौक होते हुये मसानकोण तक जाने वाली सड़क का अधिग्रहण कर पथ निर्माण विभाग द्वारा उसका चौड़ीकरण कराया जाना प्रस्तावित है, यदि हाँ, तो सरकार सिंघिया प्रखंड से कलाली चौक होते हुये मसानकोण तक जाने वाली सड़क को अधिग्रहण कर चौड़ीकरण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड से कलाली चौक से मसानकोण तक जाने वाली पथ है, जिसकी कुल लम्बाई 7.90 कि०मी० तथा पथ की चौड़ाई 3.75 मी० है । यह पथ OPRMC के अन्तर्गत संधारित है तथा पथ की स्थिति अच्छी है ।

संसाधन की उपलब्धाता एवं प्राथमिकता के आधार पर पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा ।

---

गंदा पानी की निकासी

*'क'-625. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड के तुलसीपुर पंचायत के ग्राम-तुलसीपुर के वार्ड नं० -04,05,11 एवं 12 में एक बड़ा गड्ढा है उसमें घरेलू एवं बरसात का गंदा पानी भर जाता है, जिसके कारण उक्त वार्ड में यातायात बाधित होती है एवं संक्रमण फैलने से बीमारी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार तुलसीपुर ग्राम के उक्त वार्डों से घर के गंदा पानी एवं बरसात का पानी की निकासी की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'क'- पंचायती राज विभाग के पत्रांक 1777, दिनांक 05 फरवरी, 2026 के द्वारा योजना एवं विकास विभाग में स्थानांतरित ।

कटावरोधक कार्य करवाना

*626. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बाँसवाड़ी पंचायत अंतर्गत डम्हैली बथना धार से डम्हैली कब्रिस्तान तक लगातार पनार नदी का कटाव हो रहा है, इसके कारण कब्रिस्तान नदी में विलीन होने की ओर अग्रसर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छिलका बनवाने हेतु

*627. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखंड के ग्राम पंचायत कछियावाँ दरियापुर में डोर नदी पर छिलका का निर्माण लगभग 70-75 वर्ष पूर्व हुआ है, जो वर्तमान में जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छिलका के स्थान पर कबतक नया छिलका बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*628. श्री बशिष्ट सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड शिवसागर में शिवसागर स्टेशन से कोनार पथ 12 कि०मी० ग्रामीण कार्य विभाग का सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क राष्ट्रीय उच्च पथ एन०एच०-02 एवं सासाराम चौसा पथ को जोड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का चौड़ीकरण

*629. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पथ प्रमंडल, झंझारपुर के द्वारा नेंगरा चौक-अदलपुर-पिपराघाट पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य एवं इसी के निकट बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा कमला बलान नदी पर एक उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल का भी निर्माण कराया जा रहा है, परन्तु उक्त पथ एवं निर्माणाधीन पुल के मध्य नदी के पूर्वी तटबंध पर लगभग 900 मीटर तटबंध का चौड़ीकरण नहीं होने से आमलोगों को आवागमन में ट्रैफिक की समस्या से जूझना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार नेंगरा चौक-अदलपुर-पिपराघाट पथ एवं कमला नदी पर निर्माणाधीन पुल के मध्य 900 मीटर तटबंध पथ का कबतक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*630. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड सुगौली के दक्षिणी मनसिंघा पंचायत के रोशनपुर सपहाँ ग्राम और उतरी छपरा बहास पंचायत के सपहाँ घाट के बीच बुढ़ी गंडक (सिकरहना) नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आजमनों द्वारा जनसहयोग से चचरी का पुल बनाकर अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं, बरसात के समय नदी में भीषण बाढ़ आने पर आवागमन पूर्णत बंद हो जाता है जिस कारण निकटवर्ती एवं आवासीय एक बड़ी आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित चचरी पुल के स्थान पर पुल का निर्माण कार्य की स्वीकृति कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*631. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत एन0एच0 77 बेलसंड चौक से प्रखंड मुख्यालय, रून्नीसैदपुर होते हुए एस0एच0 बलिगढ़ चौक तक की सड़क संकीर्ण है, प्रखंड मुख्यालय आने-जाने वाले लोगों को आवागमन में प्राय: सड़क पर जाम की समस्याओं से जूझना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार एन0एच0 77 से एस0एच0 को जोड़ने वाली प्रखंड मुख्यालय के सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*632. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मधुबनी के बाँसी से मधुबनी तक जाने वाली सड़क उत्तर प्रदेश को जोड़ती है, जिसका चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आये दिन भीषण जाम एवं दुर्घटनाएं घटित होती रहती है जिससे आमजनों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*633. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्व प्रखंड के विशरूपा घाट एवं कारी कासी धार (जियागाछी से बेलवा पथ) पर उच्चस्तरीय पुल नहीं होने के कारण आम ग्रामीणों को यातायात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पहुँच पथ का निर्माण

*634. श्री बैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया प्रखंड अंतर्गत जमुआ से मधु छपरा के बीच लाल बकेया नदी पर पुल के दोनों तरफ पहुँच पथ नहीं बनाये जाने के कारण करोड़ों रुपये के लागत से बने पुल की उपयोगिता नहीं हो पा रही है, जिससे मधु छपरा तथा अन्य ग्रामीणों को अबतक सुगम आवागमन उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्व से निर्मित पुल के निर्माण की उपयोगिता को साकार करने हेतु दोनों तरफ से पहुँच पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रिंग बाँध का निर्माण

*635. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के बकिया सुखाय पंचायत में गंगा नदी के कटाव से बकिया गाँव कट रहा है एवं आवागमन हेतु नया पुल भी कट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के पास कबतक रिंग बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वच्छता कर्मी का चयन

*636. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा लोहिया स्वच्छता मिशन के तहत पंचायतों में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन (SLWM) शुरू किया गया जिसके तहत प्रत्येक वार्ड में आम सभा द्वारा दो स्वच्छता कर्मी (एक हाथ ठेला एवं एक घर से कचरा उठाव करने हेतु) नियुक्त कर चयनोपरांत क्षमतावर्द्धन कर कचरा प्रबंधन किया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड स्तर पर केवल एक स्वच्छता कर्मी द्वारा ही काम करवाने का निर्णय विभाग द्वारा लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेरोजगार हुए स्वच्छता कर्मियों के लिए सरकार कबतक रोजगार दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*637. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के कार्य प्रमंडल दरभंगा 2 के अधीन जाले प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत काजी बहेरा से खोरिया टोल जाने वाली सड़क का निर्माण हुआ था, इस सड़क में दोनों तरफ निर्माण किया गया परंतु सरकारी भूमि होने के बावजूद भी जमीन का अधिग्रहण नहीं होने के कारण एवं किसी विशेष समुदाय द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाने के कारण सड़क निर्माण कार्य बीच में अधूरा (लगभग 200 मीटर) छोड़ दिया गया जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के निर्माण हेतु सरकारी भूमि का अधिग्रहण कर अविलम्ब छूटे हुए लम्बाई में सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी की व्यवस्था

*638. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर विधान सभा के प्रखंड+अंचल-इटाढ़ी के ग्राम-जलवासी में शिव मंदिर से शिवसागर पासवान के घर होते हुये मुख्य सड़क तक कच्ची सड़क है, जो स्थानीय लोगों के अतिक्रमण के कारण संकीर्ण हो चुका है तथा आवागमन एवं जल की निकासी पूर्णतः बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पक्कीकरण निर्माण कार्य सहित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ओवरब्रिज निर्माण हेतु

*639. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत कोटवा प्रखंड के दीपक मोड NH 27 पर अवैध कट होने से हजारों लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है, दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 को भीषण सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मृत्यु तथा करीब 20 लोग घायल हुए, इसके बाद NHAI के पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के द्वारा अवैध कट को बंद कर दिया गया जिससे कोटवा बाजार में भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त वर्णित स्थान पर कबतक ओवरब्रिज निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*640. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के बड़ी नाकी पंचायत के धवौरी से नगधा के बीच गेरूआ नदी पर पुल नहीं रहने से इस क्षेत्र के बड़ी नाकी, अमडंडा, सन्हौला, बोड़ा पाठकडीह सहित अन्य पंचायतों के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बड़ी नाकी पंचायत के धवौरी से नगधा के बीच गेरूआ नदी पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई व्यवस्था करना

*641. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला का लगभग 96,797 एकड़ भूमि बाढ़ एवं जल-जमाव से प्रभावित रहने के कारण कृषि कार्य प्रभावित रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया, बैकुण्ठपुर और बरौली प्रखंडों के 42 पंचायतों (बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्र) की अधिकांश कृषि योग्य भूमि का क्षेत्र गंडक नदी से नजदीक रहने के बावजूद भी सिंचाई का कोई भी स्रोत उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उद्वह सिंचाई योजना (Lift Irrigation) लागू कर बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्र के 42 पंचायत के प्रभावित किसानों के खेतों में कबतक सिंचाई हेतु नारायणी नदी (गंडक) का जल पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*642. श्री जयन्त राज (क्षेत्र संख्या-159 अमरपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के शम्भुगंज प्रखंड में शम्भुगंज डलवा पथ का निर्माण कार्य चल रहा है जिसकी लम्बाई लगभग 11 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के दोनों तरफ घनी आबादी में नाला नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को आम दिनों सहित बरसात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथों के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

खेल मैदान का निर्माण

*643. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में मनरेगा के तहत प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है परन्तु रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट विधान सभा में प्रखण्ड-काराकाट के देव पंचायत में अभीतक खेल मैदान का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है जबकि सर्वसाधारण आहर की भूमि (जल-जीवन हरियाली) आहर खुदाई के बाद जमीन बची हुई है, जो देव मौजा में उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिये उपरोक्त भूमि पर खेल मैदान का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर का पक्कीकरण

*644. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी, पंचायत मधुरापुर ग्राम मधुरापुर चौर से मंडल टोला होते हुये अधवारा नदी तक कच्चा नहर होने के कारण बरसात का पानी नहीं निकल पाता है, जिससे हजारों एकड़ जमीन में किसान फसल लगाने से वंचित हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थल पर कबतक पक्की नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रशासनिक स्वीकृति कराते हुए निर्माण कार्य करना

*645. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत गायघाट, प्रखंड के राजुआघाट, बागमती नदी पर एच०एल० पुल का निर्माण लंबित है, इस पुल के निर्माण हेतु वर्ष 2012 में प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में निर्माण कार्य प्रारंभ के क्रम में पुल की नींव असफल हो जाने के कारण संवेदक को अयोग्य घोषित कर नये सिरे से प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति की अपेक्षा की

गई है परंतु आजतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिसके कारण लगभग 10 हजार की आबादी वाले दो पंचायत के नागरिक कई किलोमीटर की अधिक दूरी तय करने को मजबूर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल हेतु प्रशासनिक स्वीकृति कराते हुये निर्माण कार्य प्रारंभ कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी करवाना

*646. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लखनी चंवर के लाखों एकड़ जमीन में जल निकासी मार्ग पर कुछ ग्रामीणों द्वारा पक्का मकान व घर बनाकर जल निकासी के तमाम रास्तों को बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार लखनी चंवर के जल-जमाव को कबतक स्थाई रूप से दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*647. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के महम्मदपुर पट्टी पंचायत भवन से डुमरा (मोबाईल सर्वे आई०डी० 84790) एवं खग्नी से गोपालपुर आर०सी०डी० रोड (मोबाईल सर्वे 78857) तक जानेवाली कच्ची सड़क कई वर्षों से गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जिसके कारण प्राय: सड़क पर दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाँध पर पक्की सड़क निर्माण

*648. मो० फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के लालबकेया नदी (बागमती नदी की सहायक) के दायाँ तट पर फुलवरिया घात से खोरियाकर तक लगभग 4 KM तक तटबंध अत्यंत कमजोर एवं कच्चा है, जिससे बाढ़ के समय यह अत्यधिक संवेदनशील हो जाता है तथा कई स्थानों पर रिसाव भी देखा जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित क्षेत्र में कमजोर बाँध पर कबतक मिट्टी कार्य ऊँचीकरण के साथ पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*649. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के बाकिया रामनगर से कालीप्रसाद पथ में कुंडीधार बकिया सिमाना (कुंडीधार) में पुल का निर्माण नहीं होने से दियारा क्षेत्र की आमजनों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी करना

*650. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत परसा विधान सभा के परसा प्रखंड स्थित अन्याय चंवर में पिछले कई वर्षों से जल-जमाव की गंभीर समस्या बनी हुयी है, जिसके कारण सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि जलमग्न है और वे आर्थिक तंगी झेल रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चंवर से जल निकासी के लिये कबतक ठोस कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*651. श्रीमती दीपा कुमारी (क्षेत्र संख्या-227 इमामगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के डुमरिया-रानीतालाब एस०एच० 69 सड़क में डुमरिया हाई स्कूल से बेलाटॉड़ (झारखण्ड सीमा) तक 9 कि०मी० सड़क सिंगल लेन एवं जर्जर स्थिति में रहने के कारण आवागमन में काफी असुविधा होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की चौड़ीकरण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

रेल ओवरब्रिज का निर्माण

*652. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत हटिया गाछी, शिवपुरी ढाला एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रेल ओवर ब्रिज (आर०ओ०बी०) नहीं होने के कारण शहर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर रेल ओवर ब्रिज (आर०ओ०बी०) बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*653. श्री अरूण माँझी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी विधान सभा क्षेत्र के बीच से प्रवाहित दरधा नदी पर छोटकी बेरा काको, सतपरसा, सीताचक एवं भखरी दौधा के बीच पुल नहीं रहने से तीनों पंचायत के ग्रामीणों को प्रखण्ड मुख्यालय, अनुमण्डल कार्यालय तक आने-जाने में काफी दूरी तय करना पड़ता है, खासकर महिला छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार दरधा नदी के उक्त स्थानों पर आर०सी०सी० पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण कराना

*654. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चमी चंपारण जिलान्तर्गत रामनगर नगर परिषद् के अम्बेडकर चौक के पास त्रिवेणी नहर पर एक संकीर्ण पुल है, जिसके कारण घंटों जाम की समस्या होती है और गन्ना के सीजन में भारी वजनी गन्ना वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली के आवागमन से आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संकीर्ण पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तट का पक्कीकरण

*655. श्रीमती स्नेहलता (क्षेत्र संख्या 208 सासाराम)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत तुतला मुख्य नदी का जल स्तर पर्याप्त होने के बावजूद पक्कीकरण न होने के कारण सिंचाई का पानी अंतिम छोर के खेतों तक नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार इस नदी के तटों का कबतक पक्कीकरण कराने और इसे आधुनिक सिंचाई प्रणाली से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*656. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड में चिरैया सेमरा पथ में सेमरा से शिकारगंज भारत माला पथ में सुंदर देवी स्थान के पास पुल जर्जर रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर का उड़ाहीकरण

*657. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंघवारा प्रखंड के माधोपुर चौड़ में बनौली पंचायत के फुलथुआ गाँव के पास वर्षों पूर्व बने पुल से बाढ़ एवं वर्षा का पानी दक्षिण दिशा में नहर के माध्यम से मुरली बाँध के पास पुल होकर जुड़िया नदी में समायोजित होता था, परंतु इस नहर को स्थानीय किसानों के द्वारा अतिक्रमण कर लेने से माधोपुर मौजा के लगभग 400 एकड़ जमीन में 4 से 5 फीट पानी सालों भर लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराते हुए उड़ाहीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव रोधक कार्य कराना

*658. श्री कुमार प्रणय (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला से गुजरने वाली गंगा नदी के दाहिने तट पर बसे सदर प्रखंड स्थित गांवों यथा सीताकुंड डीह, टीकारामपुर, शिवनगर तथा करबल्ला के तटों पर कटाव की समस्या निरंतर बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों के जान-माल की क्षति भी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त वर्णित गांवों में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*659. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या 198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के शाहपुर चौक से ईश्वरपुरा मोड़ तक सड़क कम चौड़ी होने के कारण छोटे एवं बड़े वाहनों का आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*660. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के पथ प्रमंडल शेरघाटी अंतर्गत एस०एच० 69 गुरुआ बाजार में घनी आबादी एवं भारी वाहन का आवागमन अधिक होने के कारण दिनभर बाजार में जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार गुरूआ बाजार के लोगों को जाम से निजात दिलाने हेतु एरूर मोड़ से बढ़ई बिगहा तक बाईपास निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि गयाजी जिला के पथ प्रमंडल, शेरघाटी अन्तर्गत गुरूआ बाजार का बाईपास के निर्माण हेतु बढ़ही बिगहा मोड़ के एरूर मोड़ तक लगभग 4.00 कि०मी० सड़क का चौड़ीकरण का (Single Lane 3.75 m से Double Lane 7.00 m) प्राक्कलन प्राप्त है।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप बाईपास निर्माण पर निर्णय लिया जायेगा।

-------------

कार्य प्रारंभ कराना

*661. श्री रजनीश कुमार (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी जंक्शन के पास रेलवे गुमटी नं० 07 बी पर आर०ओ०बी० पहुँच पथ के निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया हो चुकी है, परन्तु उक्त आर०ओ०बी० पहुँच पथ का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आर०ओ०बी० का निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण.

*662. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी नगर निगम के एन०एच० 28 मठिया चौक से ढाका पी०डब्लू०डी० रोड तक सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं नाला निर्माण के कार्य का निविदा हो चुका है परन्तु सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निविदा युक्त जर्जर सड़क के निर्माण का कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ मोतिहारी नगर निगम के एन०एच० 28 मठिया चौक से ढाका पी०डब्लू०डी० रोड तक सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं नाला निर्माण के कार्य हेतु कुल राशि रु० 178.56 लाख (178 लाख 56 हजार रुपये मात्र) का प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है। निविदा उपरांत कार्य आवंटित किया जा चुका है।

वर्तमान में नाला निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह सड़क PQC (Pavement Quality Concrete) है, जिस हेतु Mix design NIT, Patna से कराया जा रहा है। Mix design प्राप्त होते ही पथ का कार्य भी प्रारंभ कर दिया जायेगा। कार्य को समसय पूर्ण करा लिया जायेगा।

सड़क का नवनिर्माण

*663. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल प्रखंड अंतर्गत सिसवा से शुरु होकर सौनहा, बहुअरवा, बजरंग चौक और परसौना होते हुए गाद बहुअरी तक जाने वाली लगभग 21 किलो मीटर लंबी सड़क वर्तमान में जर्जर है, यह सड़क पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर होने के कारण मरम्मती के अभाव में जर्जर हो चुकी है, जिससे क्षेत्र की लगभग 05 पंचायतों की आबादी को रक्सौल अनुमंडल मुख्यालय, अस्पताल और कॉलेज जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण एवम् चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*664. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड फतेहपुर ग्राम पंचायत धरहराकला में धरहरा खुर्द महादलित टोला से पतेया महादलित टोला तक सड़क (लंबाई 1.2 कि०मी० सर्वे आईडी 21652) एवं ग्राम पंचायत नौडीहा सुल्तानुपर में हथमरवा नगमा रेंगैरी खीरी पथ से खजुरी महादलित टोला तक सड़क (लंबाई 0.5 कि०मी० सर्वे आईडी 22217) का निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

झील का जीर्णोद्धार

*665. मो० कमरुल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अंतर्गत जल जीवन हरियाली अभियान के तहत कटारमनी झील का जीर्णोद्धार हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राक्कलित राशि 1.25 करोड़ रुपयों से निविदा के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया गया था, परंतु लगभग 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी कटारमनी झील का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त झील के जीर्णोद्धार कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*666. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत नरकटिया विधान सभा क्षेत्र के बंजरिया प्रखंड के रोहनिया से बुढ़वा के बीच नदी पर पुल नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन एवं परिवहन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन का जिर्णोद्धार

*667. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत वजीरगंज प्रखंड के बबुरैन पईन का जिर्णोद्धार वर्षों से नहीं होने से पईन की अंतिम छोर तक सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है जिससे आम किसान को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बबुरैन पईन का सम्पूर्ण जिर्णोद्धार कर पईन के अंतिम छोर के किसानों को पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री प्रश्नाधीन योजना का जीर्णोद्धार कार्य जल-जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत रामसागर बबुरैन वीयर सिंचाई योजना में सम्मिलित कर डी०पी०आर० तैयार कराया गया है। इसकी तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात् विहित-प्रक्रिया के तहत निधि उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जा सकेगा।

-------------

मैरिन ड्राईव का निर्माण कराना

*668. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के मध्य से प्रवाहित फल्गु नदी कंडी नवादा से बराबर होते हुए आगे की ओर जाती है उक्त नदी के किनारे पर्यटक को आकर्षित करने एवं रोजगार सृजन हेतु पटना के तर्ज पर मैरिन ड्राईव नहीं होने के कारण इस पवित्र नदी को साफ रखने सहित हजारों बेरोजगार को रोजगार प्रदान करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पटना के तर्ज पर कबतक मैरिन ड्राईव निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*669. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के आमस प्रखंड अंतर्गत पंचायत कलवन के ग्राम-करमाईन से बिछुआ आहर को जोड़ने के लिए बड़की नहर पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण ग्राम-बेलदार बिगहा, नदीयावा, नदियाईन, समेत दर्जनों गाँव के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*670. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुचायकोट के पंचायत पुरखास ग्राम-मादाचक सारण मुख्य नगर से दलित बस्ती होते हुए संगवाडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे छात्र-छात्राओं को विद्यालय जाने-आने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*671. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सोनवर्षा विधान सभा के प्रखण्ड-सोनवर्षा अंतर्गत पंचायत-विराटपुर एवं शाहपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे कार्य किया जा रहा है, जिसमें उक्त दोनों पंचायत में कार्यरत पंचायत सेवक एवं प्रधानमंत्री आवास सहायक के द्वारा गरीबों का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में नहीं जोड़ा जा रहा है और गलत तरीके से जिनके पास पक्के मकान

है वो पंचायत सेवक एवं आवास सहायक को प्रभावित कर अपना नाम सर्वे में जोड़वा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण-अंतर्गत आवास प्लस 2024 के माध्यम से दिनांक 15 मई, 2025 तक प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए सभी योग्य परिवारों का सर्वेक्षण कराया गया है। इस सर्वेक्षण में सर्वेक्षणकर्ता के द्वारा असिस्टेड सर्वे (ASSISTED SURVEY) एवं लाभुकों के द्वारा सेल्फ सर्वे (SELF SURVEY) के माध्यम से भी सूची में परिवार का नाम शामिल किया गया है, जिनकी विवरणी निम्नवत् है:--

| क्र०सं० | पंचायतें | असिस्टेड सर्वे | सेल्फ सर्वे | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विराटपुर | 1269 | 431 | 1700 |
| 2 | शाहपुर | 1296 | 479 | 1775 |
| | Total | 2565 | 910 | 3475 |

वर्तमान में सर्वेक्षित परिवारों का सत्यापन पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तरीय टीम के द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप अपात्र परिवारों को चिन्हित कर सूची से हटाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

---

पुल का निर्माण

*672. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के पंचायत लौंचा एलओ 7, एलओ 45 (एल ओ सात एल ओ पैंतालीस) के बीच हाजी टोला धार पर पुल नहीं है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्का तटबंध बनाना

*673. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पारू विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों गाँव प्रतिवर्ष बाया नदी और गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण भीषण बाढ़ और जल-जमाव की त्रासदी झेलते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 20 वर्षों में (2005/2025) बाया नदी के तटबंधों (Embankments) के पक्कीकरण और गाद (Silt) की सफाई का कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया है, जिसके कारण हजारों एकड़ फसल हर साल बर्बाद होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पारू क्षेत्र में बाया नदी के दोनों ओर पक्का तटबंध (Permanent Embankment) बनाने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु कोई ठोस योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*674. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या 66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के पथरवार पंचायत अंतर्गत मचोला चौक से बंगाली टोला मोहरमपुर तक जाने वाली सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*675. श्री प्रमोद कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले रफीगंज विधान सभा अंतर्गत चिलमी

टोला से लंगुराही पथ जो दलित एवं महादलित बहुल आबादी वाले से गुजरती है, जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है, जिसकी लम्बाई 9.15 कि०मी० है, इसके निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभाग द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया, जिसके उपरांत एग्रीमेंट सं० 02 आरसीपीएलडब्लू ई ए/2024-25, दिनांक 02 जनवरी, 2025 द्वारा संवेदक को निर्माण कार्य हेतु आदेश दिये जाने व एग्रीमेंट राशि प्राप्त करने के उपरांत वर्तमान समय तक पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार निर्माण कार्य में शिथिलता बरतने वाले विभागीय अधिकारियों व उक्त संवेदक पर कार्रवाई करते हुए उक्त पथ का निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*676. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अन्तर्गत मनुआपुल-योगापट्टी-नवलपुर से रतवल चौक तक सड़क की लंबाई 37.08 किलोमीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में मनुआपुल से नवलपुर तक (0 किलोमीटर से 22. 50 किलोमीटर) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण विभाग द्वारा कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त शेष बचे पथ नवलपुर से रतवल चौक का प्राक्कलन बनाकर मुख्य महाप्रबंधक, BSRDC द्वारा अभियंता प्रमुख पथ निर्माण विभाग को 05 नवम्बर, 2024 को समर्पित कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शेष बचे पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पहुँच पथ का निर्माण

*677. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा विधान सभा अंतर्गत कदवा माहीनगर सड़कर के गिद्धाबाड़ी बाँध के पास एवं डंडखोरा प्रखंड के बस्तौल-सोनैली पथ पर पसंठा धार के पास उच्चस्तरीय पुल का निर्माण किया गया है, परन्तु इन दोनों पुलों में पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन पूर्णतः बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलों का पहुँच पथ निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*678. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के अंतर्गत बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र में स्थित ग्वालटोली चौक से कुशीदा पुल तक, जो बिहार राज्य को पश्चिम बंगाल राज्य से जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है, इस मार्ग पर भारी वाहनों के अत्यधिक आवागमन के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं, विशेषकर वाहनों के पलटने की घटनायें होते रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ की कुल लम्बाई 4.74 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.05 मी० है। यह पथ OPRMC-II के अंतर्गत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

प्रखण्ड भवन का निर्माण

*679. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर) क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चक्की प्रखंड मुख्यालय निर्माण हेतु सरकार द्वारा 104 रैयतों से 4 एकड़ भूमि क्रय किया गया है, परंतु आजतक प्रखंड मुख्यालय बनाने के लिये कोई भी कदम नहीं उठाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार चक्की प्रखंड मुख्यालय बनाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*680. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान सभा के राज्य उच्च पथ 104 में पथड़ीह तरैया तथा तुर्की (पानापुर) और राज्य उच्च पथ 73 में भटौरा, गौन्दरी तथा तरैया में सड़क पर बरसात के दिनों में जल-जमाव के कारण आमजनता के लिये कठिनाइयाँ उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों के किनारे नाले का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री वस्तुस्थिति यह है कि पथ SH-104 के कि०मी० 1लें से 42वें तक पथ परत की चौड़ाई 7.0 मी० एवं कि०मी० 43वें से 54वें तक पथ परत की चौड़ाई 3.75 मी० है।

इस पथ के कि०मी० 42.00 से 54.00 तक (पानापुर) नाला सहित पथ के चौड़ीकरण की निविदा की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति की राशि रु० 48.6851 करोड़ प्रदत्त है।

SH-104 के पथड़ीह एवं तरैया तथा सिवान-बसंतपुर-मशरख-तरैया-मढ़ौरा पथ (SH-73) के तरैया बाजार, भटौरा, गौंदरी में नाला निर्माण हेतु OPRMC Phase-III के प्राक्कलन में प्रावधान किया गया है।

वर्तमान में यह पथ OPRMC Phase-II के तहत संधारित किया जा रहा है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

---

नाला की सफाई

*681. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखण्ड बिक्रम स्थित पंचायत पतुत के ग्राम-राघोपुर में दिनेश सिंह के घर से लेकर मुसहरी तक नाली सफाई कार्य नहीं होने से यहाँ के स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित नाला का सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल-जमाव से मुक्ति

*682. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजनगर प्रखंड अन्तर्गत भगवानपुर से भाया चपाही, गंगद्वार होते हुये पैटघाट जाने वाली सड़क पर ग्राम-चपाही में सड़क के बीचों-बीच पिछले लगभग छः माह से जल-जमाव की स्थिति बनी हुयी है, जिसके कारण आम नागरिकों, विद्यार्थियों, रोगियों एवं आपातकालीन सेवाओं का आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा कबतक उक्त मार्ग को जल-जमाव से मुक्त कर आम जनमानस को सुलभ यातायात सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री- वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ, पैटघाट-बिरौल-निर्भापुर-भगवानपुर पथ का अंश है, यह पथांश PCC है, जो ग्रामीण कार्य विभाग से हस्तांतरित हुआ है। पथांश वर्तमान में OPRMC Phase-II Package No.07B के अन्तर्गत संधारित है। इस भाग में घनी आबादी एवं पथ परत नीचे होने के कारण

बरसात के समय जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसका समय-समय पर पानी का निकासी OPRMC Phase-II Package No.07B के संवेदक द्वारा कराया जाता है। इस समस्या से निदान हेतु OPRMC Phase-III के तहत उक्त भाग में PQC से Raising का प्रावधान किया गया है। OPRMC Phase-III के निविदा निष्पादन उपरान्त Raising कार्य करा कर जल-जमाव की समस्या से निदान करा लिया जायेगा।

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*683. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड में दुर्गावती ककरैत रोड का चौड़ीकरण कम रहने के कारण हमेशा वाहनों से जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, दुर्गावती प्रखंड में दुर्गावती ककरैत रोड, रामगढ़ दुर्गावती पथ का भाग है, जिसकी लम्बाई 24.55 कि०मी० एवं चौड़ाई 5.50 मी० है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

-------------

सम्मिलित करना

*684. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखंड मोहनपुर का ग्राम पंचायत बिशनपुर बेढ़ी जिसका राजस्व अंचल एवं पुलिस थाना 04-05 कि०मी० पर अवस्थित मोहिउद्दीननगर है, जबकि प्रखंड मुख्यालय 10-12 कि०मी० दूर मोहनपुर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिशनपुर बेढ़ी को मोहिउद्दीननगर प्रखंड में सम्मिलित करने से संबंधित पंचायतीराज विभाग द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक 7308, दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 एवं पत्रांक 1103, दिनांक 15 मार्च, 2022 द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से अनुरोध किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिशनपुर बेढ़ी को मोहिउद्दीननगर नगर प्रखंड में सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*685. श्री महेश पासवान (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिहटा अंचल के शिवाला मोड़ से उत्तर में स्थित हिन्दुस्तान प्रेस के पीछे से गुजरने वाली सरकारी पईन जो शिवाला-बिहटा मेन रोड से लक्ष्मीचक गांव तक पईन मिलती है, जिसके दोनों तरफ (पूरब एवं पश्चिम) में बसावट है, पूरब में श्री विजय कुमार झा एवं अन्य तथा पश्चिम में श्रीमती मनीषा कुमारी एवं श्रीमती तन्नू भारती एवं अन्य के आवासीत भूमि पर आवागमन के लिये सड़क नहीं रहने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन के बीचों-बीच नाला का निर्माण के साथ-साथ शिवला-बिहटा मेन रोड से हिन्दुस्तान प्रेस के पीछे होते हुये लक्ष्मीचक गांव तक पईन के ऊपरी सतह पर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*686. डॉ० प्रकाश चन्द्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के दाउदनगर प्रखण्ड अन्तर्गत भगवान बिगहा से पुराना बिगहा तक डेढ़ कि०मी० तक सड़क विगत 8 वर्ष पूर्व में निर्माण कार्य कराया गया था जो जीर्ण-शीर्ण स्थिति में रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अपशिष्ट संग्रह केन्द्र का निर्माण

*687. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के संदेश, उदवंतनगर एवं कोईलवर प्रखंडों की सभी पंचायतों में लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत अपशिष्ट संग्रह केन्द्र का निर्माण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों की सभी पंचायतों में अपशिष्ट संग्रह केन्द्र का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत मामले में भोजपुर जिला के संदेश, उदवंतनगर एवं कोईलवर प्रखंडों के पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का शत-प्रतिशत निर्माण कर लिया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:--

| क्र०सं० | प्रखंड का नाम | पंचायतों की संख्या | निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की संख्या |
|---|---|---|---|
| (क) | संदेश | 11 | 11 |
| (ख) | उदवंतनगर | 16 | 16 |
| (ग) | कोईलवर | 17 | 17 |

-------------

पईन की उड़ाही

*688. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत अलगना पईन में अतिक्रमण एवं भराव के कारण जल प्रवाह नहीं हो पा रहा है, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराकर उड़ाहीकरण (गाद निकासी) कराने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वेतन बढ़ोतरी करना

*689. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जीविका के कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जीविका में कार्यरत कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*690. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-धनधर बिघा के मुख्य ग्रामीण सड़क से शंकर भगवान के मंदिर एवं चन्द्रशेखर सिंह के मकान तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर नाली सहित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*691. श्री रमेश ऋषि (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के मचहा पक्की सड़क में आवासीय विद्यालय होते हुये डुमरिया के पक्की सड़क तक सड़क कच्ची है एवं आवासीय विद्यालय के निकट सुरसर नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण एवं उक्त नदी पर पुल का निर्माण कार्य कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्यालय भवन का निर्माण

*692. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, पकड़ीदयाल का कार्यालय वर्तमान में पकड़ीदयाल में न होकर किराये के भवन में मोतिहारी में संचालित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पकड़ीदयाल अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीण कार्य प्रमंडल के स्थायी कार्यालय भवन के निर्माण हेतु पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण कार्य प्रमंडल, पकड़ीदयाल के लिये पकड़ीदयाल में ही कार्यालय भवन के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*693. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत हरपुर पोखरा से दहाउर पटेल के घर तक कच्ची सड़क है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क के पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*694. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी में ग्राम-नउवागार्डन एवं ग्राम-निमियाटांड़ में पुल का निर्माण कराने के संबंध में कई बार पदाधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण हुआ एवं प्राक्कलन भी तैयार हुआ, परन्तु इन दोनों पुल के निर्माण के संबंध में अबतक कोई अग्रेतर कार्रवाई नहीं की गयी है, जिससे लोगों का एक बड़ा समूह प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पुल का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*695. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के कमलदाहा पंचायत अन्तर्गत गफुर के घर से लहना मोड़ तक सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव का रोकथाम

*696. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड सबौर में गंगा नदी की धारा में बदलाव के कारण शंकरपुर, ममलखका, रजंदीपुर, फरक्का पंचायत के 100 से ज्यादा घर कटाव के कारण विलीन हो गये हैं, जिससे हजारों लोग प्रभावित हैं, पूर्व में Geo बैग, कटाव के रोकथाम हेतु डाला गया था, किन्तु इससे कटाव का रोकथाम नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में गंगा नदी से कटाव हेतु रोकथाम का उपाय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*697. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत जयनगर मोड़ से भरगामा, रानीगंज के परसाहाट बनमनखी के रसाढ़ सिकलीगढ़ धरहरा होते हुये बड़हाडा कोठी के जीवछपुर, सुकसेना, बड़हारा कोठी तक स्टेट हाइवे सड़क नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त स्टेट हाइवे सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी कराना

*698. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के अथमलगोला प्रखण्ड के करजान पंचायत स्थित करजान ग्राम में वार्ड सं० 01 महादलित टोला से वार्ड नं० 02 के अशोक सिंह के घर होते हुये वार्ड सं० 04 पानी टंकी तक पईन उड़ाही नहीं होने के कारण जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण ग्रामीण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में स्थित पईन की उड़ाही कराकर समुचित जल-निकासी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाईपास का निर्माण

*699. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखण्ड मुख्यालय का मुख्य पथ जो बीच बाजार से एन०टी०पी०सी० बारूण के लिये जाती है, जिसमें मुख्य बाजार होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाईपास पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ड्रेनेज की व्यवस्था

*700. श्रीमती शीला कुमारी (क्षेत्र संख्या-39 फुलपरास)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा, मधेपुरा एवं भेजा प्रखंडों में जल जमाव लगा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में रेलवे के उच्च ट्रैक निर्माण और पुराने ड्रेनेज बाधित होने के कारण प्रतिवर्ष हजारों एकड़ कृषि जलमग्न रहती है, तथा घोघरडीह-हटनी पथ सहित कई रेल अंडरपासों में जल जमाव के कारण आवागमन बाधित रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के घोघरडीहा, मधेपुरा एवं भेजा प्रखंडों में विशेष ड्रेनेज मास्टर प्लान की व्यवस्था कर स्थायी जल-निकासी करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*701. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियाँ (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनियां विधान सभा अन्तर्गत कुदरा प्रखंड के लालापुर से गजराढ़ी गांव तक सड़क जर्जर होने की वजह से आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

श्मशान घाट बनाने और उसकी घेराबन्दी करने का विचार

*702. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनसाही प्रखण्ड के चितौड़िया पंचायत के गाड़ीघाट मसान स्थान के निकट श्मशान घाट में शवदाह गृह नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक श्मशान घाट बनाने और उसकी घेराबन्दी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*703. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के मलाढ़ पंचायत वार्ड नं० 08 सिकेन्द्र साहा के घर से थरिया सीमा तक तथा किशनपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड नं० 10 मो० कासीम के घर चुनचुन मंडल घर होते हुए कोशी बाँध तक जाने वाली सड़कें जर्जर एवं कच्ची है, जिसके कारण लगभग 15 हजार की आबादी को कृषि कार्य आवागमन, चिकित्सा उपचार आदि में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पंचायतों के सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*704. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अन्तर्गत भातगाँव पंचायत के गुहीगाड़ा सिमा सड़क से पासवान टोला होते हुए खलील बस्ती तक सड़क-सह-पुल नहीं रहने से आमलोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क निर्माण सह पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रिंग रोड का निर्माण

*705. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के दक्षिणी छोर पर NH 27 भोजपुरवा हरखुआ चौराव NH 531 तक रिंग रोड का निर्माण प्रक्रियाधीन है, परन्तु गोपालगंज शहर के उत्तरी क्षेत्र में रिंग रोड नहीं होने के कारण बेतिया गोपालगंज पथ पर यातायात की अधिकता है, यदि हाँ, तो सरकार गोपालगंज शहर के उत्तरी छोर पर NH 27 चैनपट्टी भितभेरवा NH 27 भोजपुरवा तक नई रिंग रोड का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*706. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के खैरा मढ़ौरा आर०सी०डी० पथ के खैरा बाजार से कृष्णा चौक तक सड़क के दोनों तरफ नाला नहीं है, जिसके कारण बरसात सहित सालो भर सड़क में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार खैरा बाजार से कृष्णा चौक तक सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*707. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बेनीपुर विधान सभा में बेनीपुर मनीगाछी और जगन्नाथपुर पटनिया पथ का चयन वर्ष 2022-2023 में किया गया है, एवं बेनीपुर मनीगाछी पथ का एग्रीमेंट संवेदक और विभाग के बीच बेनीपुर का मनीगाछी पथ दिनांक 11 जुलाई, 2024 को तथा जगन्नाथपुर पटनिया पथ का दिनांक 30 जुलाई, 2024 को हुआ है, परन्तु अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले विभाग के संवेदक तथा दोषी अभियंता के विरुद्ध जाँच करवाकर कबतक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

परियोजना पूर्ण कराना

*708. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत गोह प्रखंड के हमीदपुर में पुनपुन बराज परियोजना की शुरूआत लगभग 25 वर्ष पूर्व की गयी थी और इस पर लगभग 60 करोड़ की राशि भी व्यय हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजना के द्वारा गोह एवं कुर्था के किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करनी थी, परन्तु योजना अपूर्ण रहने के कारण सिंचाई में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परियोजना को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वृक्षारोपण कराना

*709. श्री मॉंशरीक मृणाल (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड से गुजरने वाली करेह नदी के सिरसिया सिरनिया बायां तटबंध तथा हायाघाट कराचीन दायां तटबंध का ऊँचीकरण एवं चौड़ीकरण के साथ सुदृढ़ीकरण कार्य कराए गए हैं परन्तु सम्पूर्ण तटबंध पर ऑल वेदर रोड के निर्माण कराने के साथ तटबंध के किनारे वृक्षारोपण कार्य नहीं करने के कारण बाँध कमजोर हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार करेह नदी के दोनों तटबंधों को सुरक्षित रखने के लिए सम्पूर्ण तटबंध पर कबतक ऑल वेदर रोड का निर्माण कराने के साथ तटबंध के दोनों किनारे वृक्षारोपण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गाद की सफाई

*710. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बनमनखी प्रखंड के लक्षभित्ता, मलिनिया होते हुए धमदाहा की ओर जाने वाली कारी कोसी नदी प्रवाहित है, उक्त नदी में गाद जमाव, जंगल एवं जलकुंभी जमने के कारण नदी की गहराई एवं चौड़ाई काफी कम हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कारी कोसी नदी की गहराई एवं चौड़ाई कम होने के कारण पानी का प्रवाह लगभग समाप्त होने से नदी सूखने के कगार पर है, जिससे हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई से वंचित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी का सफाई कर जल संवर्द्धन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*711. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के तारण ग्राम पंचायत में बकरा नदी के रामरई घाट तथा पलासी प्रखंड के मियांपुर ग्राम पंचायत में सौरा नदी के सौताली घाट पर पुल नहीं होने से उक्त ग्राम पंचायतों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल की व्यवस्था

*712. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज विधान सभा में परवान नदी का तटबंध कमजोर होने के कारण बरसात के समय में बाढ़ के पानी से हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न व आवास पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीण जनता को भारी नुकसान होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार परवान नदी के बाढ़ से निदान हेतु नदी उड़ाही करवा कें तटबंध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*713. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के सुरहा पंचायत के ग्राम मालदह एवं अहिलवार पंचायत के मोतीथान के बीच बागमती नदी पर पुल और सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में नाव का सहारा लेना पड़ता है और कई बार नाव दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल एवं सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*714. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा वर्ष 2018 में समीक्षा यात्रा के दौरान गयाजी जिला अंतर्गत टिकारी प्रखंड के लाव गाँव में स्थानीय कृषकों के आग्रह पर पईन के मुहाने पर बांध बनाने का आग्रह किया गया था, उसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश देने के बावजूद सात वर्ष बीत जाने के उपरांत भी उक्त स्थल पर बांध का निर्माण नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का डी०पी०आर० कई बार जल संसाधन विभाग को भेजा जा चुका है, परंतु विभाग में यह कार्य लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर बियर बांध का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ROB का विस्तारीकरण

*715. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखंड पुनपुन में जटडुमरी जंक्शन के बीच आर०ओ०बी० का निर्माण हो रहा है, जिससे उत्तर की ओर से आ रही REO सड़क से दक्षिण की ओर PWD सड़क में जाने का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार निर्माणाधीन ROB का उत्तर की ओर विस्तारीकरण REO पथ में भी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*716. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत कुम्मा बेला पथ के मानिकपुर मुशहरनियां पथ के चौथे किलो मीटर पर एवं परिहार में 9वें किलो मीटर पर पुल अवस्थित है, ये दोनों पुल धंस गया है, जिसके कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर मुशहरनियां चौथे कि0मी0 एवं 9वें किलो मीटर पर धंसे पड़े पुलों की जगह पर नया आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल कुम्मा-बेला मानिकपुर मुशहरनियां के चौथे कि0मी0 पर अवस्थित है, जो Arch Brick Masonry से बना हुआ है। इस पुल की लम्बाई 16.00 मी0 एवं Carriageway 4.80 मी0 है, जिससे आवागमन चालू है। इस पथ के 9वें कि0मी0 में अवस्थित RCC Minor Bridge का One Span वर्ष 2016 में क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी मरम्मती करा दी गयी है एवं यातायात चालू है।

विषयगत पथ के चौथे कि0मी0 में अवस्थित पुल का DPR तैयार कर लिया गया है। संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर पुल के निर्माण पर निर्णय लिया जायेगा।

--------

आई0टी0आई0 कॉलेज का निर्माण

'ख'-*717. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखण्ड में एक भी आई0टी0आई0 कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखण्ड अन्तर्गत चनौर पंचायत के महादेव पोखर के निकट सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन पर आई0टी0आई0 कॉलेज निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव दूर करना

*718. डॉ0 रामानन्द यादव (क्षेत्र संख्या-185 फतुहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दीदारगंज से बख्तियारपुर स्टेट हाईवे पथ में लगभग 1 कि0मी0, ग्राम-जेठुली से कच्चीदरगाह तक पूरे रोड पर वर्षों से लगभग 1 फीट पानी का जल-जमाव रहता है, जिसके कारण लोगों को सेंत जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल, जेठुली एवं हाट-बाजार में आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क पर जल-जमाव के पानी को निकालने हेतु कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पटना जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल, राज्य उच्च पथ संख्या-106 (पुराना राष्ट्रीय उच्च पथ सं0-30) दीदारगंज-फतुहा-बख्तियारपुर-करजान (4-लेन, कुल लंबाई 41.270 कि0मी0) पथ परियोजना से संबंधित है। वर्तमान में उक्त परियोजना के चौड़ीकरण/निर्माण कार्य हेतु ई0पी0सी0 संवेदक M/s Shivalya Construction Pvt. Ltd., New Delhi का चयन कर लिया गया है तथा इनके साथ एकरारनामा संपादित किया जा चुका है। एकरारनामा के अनुरूप उक्त स्थल (सेंत जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल, जेठुली एवं हॉट बाजार) पर ड्रेनेज का निर्माण किया जाना है तथा पथ लेवल को भी ऊँचा किया जाना है, जिससे जल-जमाव की समस्या दूर हो जायेगी। विदित हो कि परियोजना का अनुरक्षण पूर्व में पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, पटना सिटी द्वारा किया जा रहा था तथा वर्तमान में उक्त सड़क को बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (BSRDCL) को हस्तांतरित किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। परियोजना की नियुक्ति तिथि (Appointed Date) निर्धारित किए जाने हेतु वर्तमान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा सरकारी भूमि का सीमांकन किया जा रहा है एवं इसके उपरान्त ई0पी0सी0 संवेदक द्वारा यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

---

नोट-'ख--श्रम संसाधन विभाग के पत्रांक 333, दिनांक 05 फरवरी, 2026 द्वारा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग को स्थानांतरित।

सुरक्षा बांध निर्माण

*719. श्री उमेश सिंह कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखण्ड एवं नगर परिषद् क्षेत्र में विगत कई वर्षों से लगातार भीषण बाढ़ आती है, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल की क्षति एवं फसल की बर्बादी होती है, यदि हाँ, तो सरकार प्रत्येक वर्ष होने वाले बाढ़ से इस क्षति को रोकने के लिए कबतक बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का सुदृढ़ीकरण

*720. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुरौल नगर पंचायत स्थित ग्राम-अब्दुलपुर रैनी में बूढ़ी गंडक नदी की धार से सटे बांध की स्थिति काफी जर्जर होने से आस-पास के ग्राम में कटाव का खतरा उत्पन्न हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अब्दुलपुर रैनी स्थित बांध के सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मरम्मती कराना

*721. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर एवं एकंगरसराय प्रखण्ड में कुल 80 (अस्सी) सड़कों में अनुरक्षण कार्य कराने हेतु वर्ष 2024-25 में प्राथमिकता के आधार पर निविदा प्रकाशित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा में अंकित सड़क इस्लामपुर-गया रोड से रोहिन पर भाया धमौली एल/742, एल/065 से लारनपुर भाया नवाबगंज सहित 60 प्रतिशत सड़कों में अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों में अनुरक्षण कार्य के तहत मरम्मती कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय की स्थापना

*722. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड पकरीबरावां के पंचातय धमौल, ढोढा, बेलखुंडा, गुलनी, ज्युरी एवं प्रखंड कौवाकोल के खडसारी तथा पाली प्रखंड मुख्यालय से काफी दूरी पर अवस्थित है, वहां के आम नागरिकों को प्रखंड मुख्यालय जाने-आने में काफी समय लग जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत धमौल के धमौल बाजार इन सभी पंचायतों से काफी निकट हैं यहां प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय बनाने हेतु जमीन भी उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड पकरीबरावाँ के पंचायत धमौल, ढोढा, बेलखुंडा, गुलनी, ज्युरी एवं प्रखंड कौवाकोल के खडखारी तथा पाली को मिलाकर धमौल बाजार में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*723. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अंतर्गत सिरसिया चौक सुधीर सिन्हा जी के घर से सुरेन्द्र पासवान के घर होते हुये चकपहाड़ पथ तक जाने वाली सड़क एवं माधोपुर दिघरूआ वार्ड नं0 3 रामबाबू राम के घर से चकफतमा उर्दू विद्यालय तक सड़क के काफी जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की उड़ाहीकरण

*724. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सोनपुर प्रखंड के दरियापुर नहर में गाद भर जाने के कारण जल प्रवाह में लगातार कमी आ रही है, जिससे हरदिया चंवर के किसानों की रबी फसल की खेती में सिंचाई कार्य में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर की कबतक उड़ाही (गहरीकरण एवं सफाई) कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधी कार्य

*725. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत सलखुहा, सिमरी बख्तियारपुर एवं महिषी प्रखण्ड के विशनपुर, बाघोड़, कोठिय, घोंघेपुर, झारा, दह बाजार मंदिर तथा सांभर खुर्द गाँवों में वर्ष 2025 में आए बाढ़ से सैकड़ों ग्रामीणों का घर नदी में समा गया तथा प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण अत्यधिक कटाव होता है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में कटाव रोकने हेतु कोई ठोस योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करना

*726. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान सभा क्षेत्र में बारहमासी एकल सम्पर्कता के लिए प्रस्तावित पथों की सूची विभाग के द्वारा 355 अनु0, दिनांक 11 अप्रील, 2023 के द्वारा STATE MIS पर अपलोड कर पथों की सूची सर्वेक्षण मोबाईल ऐपलिकेशन के माध्यम से विभाग को भेजा गया है, परन्तु अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है जिससे आम जनता में आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*727. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड में जमुनिया शाखा नहर 52 RD पुल से 90 RD पुल तक सड़क नहीं होने के कारण आवागमन हेतु 10 किलो मीटर की दूरी आमजनता को तय करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जमुनिया शाखा कैनाल पर सड़क कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*728. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लौकहा विधान सभा क्षेत्र 40 अन्तर्गत खुटौना प्रखण्ड के जटही से मनसापुर जाने वाली सड़क में विहुल नदी पर पुल नहीं रहने से आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान के विहुल नदी पर पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क बनवाना

*729. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखण्ड के मिल्की बाल से करमैनी मेन रोड तक सड़क जर्जर होने के कारण दर्जनों गाँवों के लोगों को आवागमन हेतु कई किलो मीटर दूर होकर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं नाला निर्माण

*730. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड अन्तर्गत शाहपुर पंचायत के ग्राम-सिंघपुर में जगदीश राम के घर से पोखरा खेल मैदान तक पक्की सड़क एवं नाला का निर्माण नहीं होने से आमजनों को आवागमन की समस्या का सामना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क एवं नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*731. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखण्ड के बेलवा पंचायत वार्ड नं० 13 में रंजीत पासवान के घर से मुस्ताक डीलर के घर तक रमजान नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराना

*732. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के घोघरडीहा अंचलान्तर्गत ग्राम पंचायत राज बसुआरी में पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 10535/पं०रा०, दिनांक 20 अगस्त, 2025 एवं विभागीय संकल्प संख्या 8105/पं० रा० के आलोक में कन्या विवाह मंडप योजनान्तर्गत खाता संख्या 81, खेसरा सं० 2712, रकबा 10 कट्ठा, 11 धूर भूमि ग्राम पंचायत के द्वारा उपलब्ध कराया गया है, परंतु अंचलाधिकारी के द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं करने से निर्माण कार्य ठप्प है, यदि हाँ, तो सरकार इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहरों का पक्कीकरण

*733. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज तथा दुल्हिनबाजार प्रखंड में स्थित सोन नहर प्रणाली के 9 नंबर और 10 नंबर नहरें कई गाँवों से होकर गुजरती है, जहाँ उराही के दो साल के भीतर ही झार-पौधा उगने तथा कूड़ा-कचरा से पानी की प्रवाह अवरूद्ध हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहरों का पक्कीकरण नहीं होने से एक ओर जहाँ नहरों के किनारे गंदगी जमा हो रही है वहीं दूसरी ओर इससे नहरों का पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँच पाता है जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 9 तथा 10 नंबर नहर का पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

योजना बनाना

*734. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नगर क्षेत्रों में स्थित जलाशयों, तालाबों, कुओं, नहरों एवं पोखरों में से अनेक जलस्त्रोत मृत अथवा अनुपयोगी स्थिति में रहने के कारण जल संचयन, भू जल स्तर, जल गुणवत्ता एवं स्थानीय परिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और नगर क्षेत्र में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर क्षेत्रों में स्थित मृत एवं अनुपयोगी जलस्त्रोतों को कबतक पुनर्जीवित करने की आधुनिक और प्रभावी योजना क्रियान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पंचायत भवन का निर्माण

*735. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड स्थित गौरा एवं मोहनपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, जमुई द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किया गया था, परंतु लगभग दस वर्ष बीत जाने के बाद भी आजतक विभाग द्वारा पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में सरकार भवन का निर्माण कार्य कबतक पूरा करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*736. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के डेहरी विधान सभा अंतर्गत डेहरी रेलवे ब्रिज से नासरीगंज तक जाने वाली PWD सड़क यहाँ का मुख्य पथ है जो अत्यंत संकीर्ण है, जिससे इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है और आए दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पहुँच पथ का निर्माण

*737. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के प्रखंड चान्दन अंतर्गत कोरिया पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, भौरा बाजार तक जाने के लिए पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं/शैक्षणिक कर्मी को आने-जाने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संस्थानों तक पहुँच पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आर०सी०सी० पुल का निर्माण

*738. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत बख्तियारपुर प्रखंड के ग्यासपुर में पीपा पुल स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के समय पीपा पुल खुल जाने से वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, छपरा जैसे प्रमुख जिलों की दूरी बढ़ जाती है तथा वहाँ के आम नागरिकों, किसानों, छात्रों, मरीजों, व्यापारियों एवं आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीपा पुल के स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*739. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत विशनपुर के वार्ड नं० 06 और वार्ड 7 के पास मोहड़ा घाट/ सोक्षा घाट पर पुल नहीं होने के कारण आस-पास के ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है एवं ग्रामीण बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*740. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि इस्लामपुर-गया रोड जो जलवार नदी को पार करती है जलवार नदी पर बिना पुल निर्माण कराये ही सड़क बना दी गयी है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जलवार नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*741. श्री भाई बिरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड-फुलवारीशरीफ स्थित वर्ष 2023 में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-83 और स्टेट हाईवे-1 को जोड़ने वाली सम्पतचक बाजार से परसा बाजार पथ का चौड़ीकरण करने के घोषणा उपरांत कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी, पथ प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 1125, दिनांक 26 मार्च, 2025 के मागरिखन को खास व्यक्ति विशेष को लाभ पहुँचाने हेतु नया मागरिखन पत्रांक 3075, दिनांक 26 अगस्त, 2025 के द्वारा बदल दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क का पुराना मागरिखन पर ही सड़क चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*742. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी प्रखंड के NH-28 से ग्राम-सगहरी, प्रहलादपुर, गंगापुर होते हुये लीची अनुसंधान केन्द्र मुशहरी टोला भटोलिया तक की ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क पर भारी वाहनों का परिचालन होता है जिसके कारण बार-बार सड़क क्षतिग्रस्त होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क को पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत अधिग्रहित करते हुये पुनर्निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है । पथ अधिग्रहण की नयी नीति पत्रांक 1548 (एस), दिनांक 25 फरवरी, 2020 के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं कराया जाना है ।

-------------

पुल का निर्माण

*743. श्री अख्तरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड के बालूटोला, खाताटोली एवं अर्जुन भिट्ठा गाँव के बीच कनकई नदी पर पुल नहीं होने के कारण उक्त ग्रामों के पाँच हजार से अधिक की आबादी को प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर जाने हेतु अधिक दूरी एवं समय लगता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्यवाई

*744. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत PMGSY देवका-बरूआही पथ (लम्बाई 24.657 कि०मी०, पैकेज BR-20R-191) का कार्य 15 मई, 2021 से प्रारंभ होकर 14 नवम्बर, 2022 तक पूर्ण होना था, परंतु कार्य आजतक पूर्ण नहीं किया गया है जबकि ठेकेदार मेसर्स आलोक-ओम साई (JV) सहरसा को राशि का भुगतान किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित कार्य में विलम्ब करने वाले पदाधिकारी एवं संवेदक पर जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी

*745. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 (विभूतिपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत सुरौली के दामोदरपुर गाँव स्थित सकरी चौड़ एवं पंचायत महिषी के महिषी चौड़ तथा दलसिंहसराय प्रखंड के पंचायत बुलाकीपुर स्थित मटिहानी चौड़ में सालों भर जल-जमाव रहता है, जिससे किसानों का हजारों एकड़ भूमि में फसल नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित चौड़ों से जल निकासी का स्थायी निदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी कराना

*746. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय, बरौनी एवं अन्य प्रखंडों के चौर क्षेत्रों की हजारों एकड़ भूमि जुलाई से दिसम्बर माह तक वर्षा के पानी से जलमग्न रहती है, जिसके कारण किसान फसल की बुआई करने से वंचित रह जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अवधि में जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था न होने के कारण, उपजाऊ भूमि साल के 6-7 महीने बेकार पड़ी रहती है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को लाभ दिलाने हेतु, उक्त चौर क्षेत्रों से बरसात के पानी की निकासी के लिये राज्य योजना के अंतर्गत जल निकासी की विशेष परियोजना स्वीकृत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थानान्तरित करने के लिये

*747. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के अंतर्गत अंधराठाढ़ी से बरैल तक की सड़क आर०डब्लयू०डी० विभाग के अंतर्गत आता है, जबकि उसका संपर्क

मधेपुर से तुमरिया होते हुये अंधराठाढ़ी तक की सड़क से है जो पी०डब्ल्यू०डी० की सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित आर०डब्लयू०डी० सड़क को पी०डब्लू०डी० में अपग्रेड कर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रश्नाधीन पथ, अंधराठाढ़ी से बरैल तक की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है, जिसकी कुल लम्बाई 13.00 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.75 मी० है, जो मधेपुर-तुमरिया-अंधराठाढ़ी सड़क के 32वें कि०मी० पर अंधराठाढ़ी में मिलती है ।

पथ अधिग्रहण की नयी नीति पत्रांक 1548 (एस), दिनांक 25 फरवरी, 2020 के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं कराया जाना है ।

-------------

पी०सी०सी० करना

*748. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अन्तर्गत सिंहपुर पश्चिम पंचायत के मौजमावाद ग्राम में लखना मोड़ से भगवान पेट्रोल पम्प NH-31 तक कच्ची सड़क है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार इस सड़क को पी०सी०सी० कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर में गाद की सफाई

*749. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के चन्द्रदेई से लोदीपुर पेमाधार तक नहर में गाद ज़मा हो जाने के कारण किसानों को सिंचाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित नहर में गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*750. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के हरनौत प्रखंड अन्तर्गत नुरनगर-पाकड़ पथ का निविदा निष्पादन नाबार्ड योजना से वर्ष 2018-19 में किया गया है, इस पथ का निविदा निष्पादित हुये लगभग पाँच (05) वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया जा सका है, जबकि उक्त पथ का निविदा विखंडित किया गया है एवं विखंडन के बाद नये सिरे से पथ का निर्माण की प्रक्रिया अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार नुरनगर-पाकड़ पथ का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*751. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड करगहर में ग्राम-धरहरा के पश्चिम एवं ग्राम-बभनी के पश्चिम धर्मावती नदी पर फॉल/बाँध का निर्माण लगभग 70 वर्ष पूर्व में हुआ था जो जर्जर हो गया है, जिसके कारण ग्राम-धरहरा, लडुई, भगवानपुर, चन्द्रभानपुर एवं बभनी के किसानों के लगभग 1000 एकड़ खेत की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों पर धर्मावती नदी में कबतक फॉल/बांध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि उपलब्ध कराना

*752. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत वर्ष 2019 में कमला बलान नदी के तटबंध टूटने से झंझारपुर प्रखंड के नरूआर गाँव में विस्थापित हुए परिवारों को अबतक पुनर्वास नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु गठित समिति के प्रतिवेदन पर जिलाधिकारी, मधुबनी द्वारा प्राक्कलित राशि उपलब्ध कराने की माँग की गयी है जो जल संसाधन विभाग ने पत्रांक बाढ़ (मो0, सि0, वि0 17/2022 5110, पटना, दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 के माध्यम से सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार को प्रेषित किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नरूआर गाँव में विस्थापितों के पुनर्वास हेतु प्राक्कलित राशि कबतक जिलाधिकारी, मधुबनी को उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*753. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लु गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत एन0 एच0 527 डी0 से सुगौली बाईपास सड़क जो बाजार होकर निमुई तक जाती है जिसमें 2 कि0मी0 सड़क की स्थिति खराब है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, OPRMC Package No.-2C के तहत संधारित है, जिसकी लम्बाई 2.00 कि0मी0 है। पथ क्रस्ट की स्थिति अच्छी है। बाढ़ के समय अस्थायी रूप से जल-जमाव हो जाता है, जिसे OPRMC के संवेदक द्वारा हटा दिया जाता है। पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु OPRMC Phase-III के प्राक्कलन में प्रावधान किया गया है।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

--------

सड़क का निर्माण

*754. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत अथरी पंचायत के वार्ड 14 प्रमोद सिंह के दरवाजा (मुख्य सड़क) से वार्ड 16 भादा टोला जाने वाली सड़क काफी जर्जर होने के कारण आवागमन में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का चौड़ीकरण

*755. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा 2 के रामपुर से हरनाटाड़ तक जाने वाली सड़क चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आये दिन भीषण जाम एवं दुर्घटनाएं घटित होती रहती है जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का पक्कीकरण

*756. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्व प्रखंड के बेलोरी-सनौली रोड से मिडिल स्कूल महतो टोला तक जाने वाली सड़क कच्ची है, जो ग्रामीणों के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है, परंतु वर्षा के दिनों में उक्त सड़क पर जल-जमाव के कारण आवागमन पूर्णतः बाधित हो जाता है यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का चौड़ीकरण

*757. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत शिशिया पंचायत के सेमापुर पथ सिंगल लेन होने के कारण आये दिन जाम लगा रहता है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के चौड़ीकरण कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## विद्युतीकरण करवाना

*758. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा पूरे राज्य में फसल सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु जिलों में लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था की गई है, परंतु उसमें बिजली संचालन की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह अबतक अपूर्ण है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार विभाग द्वारा स्थापित लिफ्ट इरिगेशन के संचालन हेतु विद्युत् विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कबतक इनका विद्युतीकरण कराने के उपरांत सिंचाई व्यवस्था प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव रोधक कार्य करना

*759. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर विधान सभा के प्रखंड राजपुर, पंचायत दुल्फा के करमा गाँव के समीप होकर बहने वाली दुल्फा नदी के कटाव के कारण करमा गाँव में श्रीनाथ प्रसाद के घर से किशोर पासवान के घर तक के सभी घर नदी में विलीन होने की स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी में फरवरी माह में पानी नहीं के बराबर रहता है फिर भी कटावरोधी कार्य नहीं कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी से हो रहे कटाव के कारण विलीन हो रहे घरों को सुरक्षित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी पहुँचाना

*760. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर प्रखंड से तिरहुत मुख्य नहर के 536 RD बडहरड़वा बखरी से निकलने वाली मेहसी वितरणी से कृषि कार्य के लिए पटवन हेतु जितने भी माइनर, सब-माइनर या चैनल बनाए गए हैं उसमें से एक से भी पानी नहीं निकल रहा है, जिससे कृषि हेतु, सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार मेहसी वितरणी में सिंचाई सुविधा हेतु बनाए गए सभी सिंचाई श्रोतों को कबतक ठीक कर खेतों तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समर्पित पथ का निर्माण

*761. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत श्रावण एवं भादो मास में लाखों श्रद्धालु कहलगांव स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर घोघा और बौंसी (बांका) के रास्ते बासुकीनाथ धाम (झारखंड) की कठिन पैदल यात्रा करते है, जबकि सुल्तानगंज-देवघर पथ की तरह कहलगांव से बासुकीनाथ जाने वाले इस मार्ग पर कांवरियों के लिए समर्पित 'कावरिया पथ (soft path/Footpath) और बुनियादी सुविधाओं (विश्राम गृह, पेयजल, प्रकाश) का अभाव है, जिससे श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है और दुर्घटनाओं का भय बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उत्तरवाहिनी गंगा के धार्मिक महत्व को देखते हुए कहलगांव घोघा बौसी मार्ग को 'कावरिया सर्किट' के रूप में विकसित करने और कावरियों के चलने के लिए सड़क के किनारे एक समर्पित पथ का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिलान्तर्गत श्रावन एवं भादो माह में श्रद्धालु कहलगांव स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से जल भर कर घोघा और बौंसी के रास्ते बासुकीनाथ धाम झारखंड पैदल यात्रा करते है। इस पथ में कच्ची कांवरिया पथ का प्रावधान नहीं है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप कहलगांव घोघा बौंसी मार्ग को कांवरिया सर्किट के रूप में विकसित करने और कावरियों के चलने के लिए सड़क के किनारे एक समर्पित पथ के निर्माण पर निर्णय लिया जायेगा।

बाँध का निर्माण

*762. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड अन्तर्गत अमरपुरा पंचायत के बंजरिया एवं बैकुंठपुर प्रखंड अन्तर्गत प्यारेपुर, आशा खैरा, पकहा, शीतलपुर एवं महारानी गाँव नारायणी नदी (गंडक) के किनारे अवस्थित है, जिनको नदी के कटाव से जान-माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में निवास कर रहे हजारों नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा हेतु कबतक गाइड बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*763. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213 काराकाट विधान सभा के प्रखण्ड काराकाट में निरंजनपुर से घोपतपुर तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, जबकि यह सड़क रोहतास-भोजपुर सीमा क्षेत्र को जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल की कच्ची सड़क को पक्कीकरण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*764. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बोखड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पकटोला से चकौती पथ में हेमदा नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ की तिथि 13 अक्तूबर, 2023 एवं कार्य पूर्ण की तिथि 20 दिसम्बर, 2024 निर्धारित होने के बाद भी आजतक पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ विभाग द्वारा नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई एवं संवेदक को ब्लैक लिस्टेड कर पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*765. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट विधान सभा क्षेत्र के बंदरा प्रखण्ड में बुढ़ी गंडक नदी में रतवारा ढोली घाट पर एवं कटरा प्रखण्ड के सोनपुर पंचायत के सिसवाडा सियारी नदी में पासवान टोला में पुल का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई के साथ अधिक दूरी तय करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर आर०सी०सी० पुल निर्माण हेतु विभाग को पत्रांक-2486, दिनांक 02 अगस्त, 2025 को पत्र प्रेषित किया गया है परन्तु अबतक प्रशासनिक स्वीकृति अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर अवस्थित बुढ़ी गंडक नदी एवं सियारी नदी पर पुल निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रात्रि प्रहरी की बहाली

*766. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया विधान सभा क्षेत्र में बने पंचायत राज सरकार भवन में निर्माण पूर्ण होने के बावजूद भी कार्यारम्भ नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण हेतु जिन पंचायत राज सरकार भवन के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था वह पूर्ण नहीं हो पाया है, साथ ही उक्त निर्मित पंचायत राज सरकार भवन में रात्रि प्रहरी नहीं होने से भवनों का दुरूपयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी नवनिर्मित पंचायत राज सरकार भवन में रात्रि प्रहरी की बहाली करने एवं भवनों को सुव्यवस्थित कर कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*767. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में छूटे हुए बसावटों को मुख्य पथ से सम्पर्कता प्रदान करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के हेतिमपुर, नोनियाटोला से बानूटोला (मोबाईल सर्वे आई०डी० 82883) एवं पश्चिम टोला जी०टी० एस०एन०वाई० रोड से सतवार पश्चिम टोला तक जानेवाली पथ को मुख्य पथ से सम्पर्कता प्रदान नहीं होने के कारण पथ गड्ढ़े में तब्दील हो गयी है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथों को मुख्य पथ से कबतक सम्पर्कता करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*768. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के डोमिनिया चौक से बाबुपुर भाया बाखरपुर पथ के 15वें किलो मीटर पर पुल नहीं होने से दियारा क्षेत्र के आमजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*769. श्री अरूण माँझी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत मसौढ़ी प्रखण्ड के

ग्राम-कराय रोहिला पनसारी के बगल से पुनपुन नदी पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण नहीं होने के कारण गाँव के ग्रामीणों को कृषि कार्य करने या दूसरे पंचायत, गाँव, प्रखण्ड मुख्यालय जाने के लिए जान जोखिम में डालकर 10 से 15 कि०मी० की दूरी तयकर पुनपुन नदी पार करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव के पास पुनपुन नदी पर आर०सी०सी० पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का चौड़ीकरण

*770. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड में रामनगर नगर परिषद् के अम्बेडकर चौक से बंजरिया-गोबर्धना होते हुए सोमेश्वर धाम तक पथ की लंबाई 12 किलो मीटर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की चौड़ाई कम होने के कारण पयर्टकों के आवागमन एवं भारी मालवाहक वाहनों के आने जाने से पथ की व्यस्तता बहुत अधिक है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामनगर-गोबर्धना होते हुए सोमेश्वर धाम तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर सोमेश्वर पथ की कुल लम्बाई 17.00 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.75 मी० है, जो OPRMC Package No. 01B के तहत संधारित है। वर्तमान में पथ की स्थिति अच्छी है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप उक्त पथों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*771. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड अंतर्गत चिरैया सेमरा शिकारगंज भारतमाला सड़क को जोड़ने वाली सड़क जर्जर अवस्था में एकल पथ है, जो पकड़ीदयाल अनुमंडल एवं मोतिहारी जिला मुख्यालय को जोड़ती है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है, यह पथ संकीर्ण होने के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार चिरैया-सेमरा-शिकारगंज मार्ग की लगभग 8.1 किलो मीटर लंबी उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*772. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री,पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड केवटी अंतर्गत रनवे से रैयाम पथ का चौड़ीकरण नहीं होने से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ रनवे से रैयाम पथ की कुल लंबाई 5.0 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.05 मीटर है । यह OPRMC Package No. 08B के अन्तर्गत संधारित है । पथ की स्थिति अच्छी है ।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा ।

सड़क का चौड़ीकरण

*773. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया प्रखंड के बिहिया बाजार से टियर गांव तक सड़क कम चौड़ी होने के कारण बड़े वाहन एवं छोटे वाहन का हजारों की संख्या में आवागमन होता है, जिसके कारण आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*774. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत छतौनी मधुबनीघाट भाया मिशन चौक, छतौनी थाना आर्य समाज चौक, छतौनी ढाका भाया रूपडीह मठिया, एन०एच०आई० 28 से बंद चीनी मिल होते हवाई अड्डा चौक, छतौनी भाया मीना बाजार जानपुल धर्मसमाज बनिया पट्टी अवधेश चौक श्रीकृष्ण नगर अगरवा आदि विभिन्न मुहल्लों में पथ निर्माण विभाग की संकीर्ण सड़कें है, जहां जर्जर नाला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का चौड़ीकरण व नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रश्नगत उक्त सभी पथांश OPRMC के तहत संधारित है एवं सभी पथांशों की स्थिति अच्छी है। मोतिहारी नगर निगम द्वारा मोतिहारी शहर के अन्तर्गत नाला का निर्माण कार्य योजनाबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। अन्य पथांशों में भी आवश्यकतानुसार OPRMC Phase-III के तहत नाला का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप उक्त पथों के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

-------------

त्रिवेणी शाखा नहर का पुनर्स्थापन

*775. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रक्सौल प्रखंड के भेलाही पंचायत (389RD) से आदापुर प्रखंड के गम्हरिया कला पंचायत (472 RD) तक त्रिवेणी शाखा नहर में गाद जमा होने के कारण नहर का तल ऊपर उठ गया है, जिससे जल प्रवाह नहीं हो रहा है और पुराने उप-वितरणी भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर खंड की कबतक पूर्ण उड़ाही तथा उप-वितरणी के पुनर्स्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*776. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड फतेहपुर, ग्राम पंचायत मेयारी के ग्राम-मेयारी पथ से रविदास टोला संगत पर तक सड़क (लम्बाई 0.4 कि०मी० सर्वे आई०डी० 28958) एवं ग्राम पंचायत-बारा के नगमा-हथमरवा पथ से मंडल बिगहा महादलित टोला तक

सड़क (लम्बाई 0.75 कि०मी० सर्वे आई०डी० 32515) का निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव रोधक कार्य करवाना

*777. मो० कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज के जिला प्रखंड किशनगंज अन्तर्गत ग्राम बैरबन्ना, ग्राम बेलवा एवं औद्रा हाइलेबल पुल के निकट डोंक नदी के द्वारा विगत 4 वर्षों से भीषण कटाव जारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड एक में वर्णित स्थानों पर केवल बरसात के मौसम में प्रत्येक वर्ष फ्लड फाइटिंग का काम तात्कालिक तौर पर किया जाता है, बावजूद कटाव निरंतर जारी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर योजना बनाकर स्थायी रूप से जियो-बैग/बोलडर पीचिंग के द्वारा कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का चौड़ीकरण

*778. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के नरकटिया विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत छौड़ादानों एवं बनकटवा पथ की नहर चौक के पास जो पुल अवस्थित है वो पुल बहुत संकीर्ण होने के चलते आवागमन बाधित हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार छौड़ादानों बनकटवा पथ में पुल का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*779. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कार्य प्रमण्डल, गयाजी अन्तर्गत गया नवादा पथ से बिशुनपुर पथ में ग्राम कसियाडीह के पास लगभग 800 मीटर पथ निर्माण कार्य वन विभाग का क्षेत्र पड़ने के कारण अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार ग्रामीण कार्य विभाग एवं वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर उक्त लगभग 800 मीटर पथ का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*780. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मखदुमपुर से गयाजी जिला अन्तर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के कोरियामा पंचायत के मेन गांव में अवस्थित प्राचीन बाबा कोटेश्वर

नाथ धाम तक जाने वाली लगभग 24 किलोमीटर लम्बी सड़क जिससे प्रतिदिन हजारों की संख्या में जहानाबाद और गयाजी से श्रद्धालु आते हैं, सड़क काफी संकीर्ण हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*781. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के आमस प्रखंड अन्तर्गत पंचायत रामपुर के ग्राम ढिबरा से नौगढ़ गांव जाने के क्रम में मदाड़ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में ग्राम नारायणपुर लैम्बुआ, पतेज, ताराडिह, मंझौलीया समेत दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*782. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सोनवर्षा विधान सभा के प्रखण्ड बनमा ईटहरी के पंचायत तरहा सोहरिया, वार्ड नं० 4 में मुसहरी मंडल के कुआं से लेकर सतों यादव के खेत तक सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*783. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के मोहम्मदनगर के आर०ई०ओ० (R.E.O) रोड भुट्टा कटहलबाड़ी से फकीरा टोला सिंघिया जाने वाली सड़क के बीच धार पर पुल नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार सड़क के उक्त धार पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*784. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत पथरवार पंचायत के भेमरा से हरसुवा गाँव के बीच महानंदा नदी पर पुल नहीं होने की वजह से बड़ी आबादी को आवागमन में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*785. श्री प्रमोद कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के खिरियावाँ मोड़ से भाया कासमा होते हुए गयाजी जिला को जोड़ने वाली एस०एच० 101 पथ संकीर्ण होने के कारण आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों को प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त एस०एच० 101 पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाईपास का निर्माण

*786. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत कपरधिका (भैरोगंज) से सेमरा तक बाईपास पथ के निर्माण हेतु जिला पदाधिकारी, पश्चिम चंपारण द्वारा उक्त कार्य योजना को अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग को ज्ञापांक 033, दिनांक 24 जनवरी, 2022 को समर्पित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत कपरधिका (भैरोगंज) से सेमरा तक बाईपास पथ के निर्माण कार्य का योजना अभीतक धरातल पर नहीं उतर पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य योजना को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*787. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के अंतर्गत कटिहार जिला में कटिहार से बलरामपुर के बीच लगभग 62 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण समय-सीमा के अंदर निर्माण संभव नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु कोई ठोस कदम उठाए जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटावरोधक कार्य करना

*788. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला की सेमरी प्रखंड पंचायत किशोपुर के ग्राम किशोपुर में गंगा का कटाव बांध से 100 से 125 मीटर की दूरी पर है तथा ब्रहमपुर प्रखंड के पंचायत उतरी नैनीजोर की प्रबांधपुर डेरा से बिहार घाट होते हुये ग्राम-ढाबी तक गंगा का कटाव अंतिम छोर तक पहुंच गया है, जिससे आमलोगों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर कबतक गंगा कटाव से रोक थाम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

*789. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, मढ़ौरा (सारण) के SH-73 भलुआ पथ भाया प्रखण्ड कार्यालय, तरैया एवं SH-73 गबन्दी SH-104 नारायणपुर मंदिर भाया-सरैया रत्नाकर पथ का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*790. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखण्ड में बहेरा गाँव के नजदीक रेलवे पुल संख्या-677 (अंडर पास) आजादी के पूर्व बना हुआ है, जो संकीर्ण रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान बहेरा के पास नया रेलवे ऊपरी पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*791. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखण्ड अंतर्गत चातर से अब्दुलपुर तक सड़क विगत 5 वर्षों से रख रखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच चुकी है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाइनिंग कार्य कराना

*792. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर राजवाहा के लाइनिंग का कार्य नहीं होने से राजवाहा के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है जिससे किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कोईलवर राजवाहा का कबतक लाइनिंग का कार्य प्रारंभ का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाढ़ प्रतिरोधक दीवार का निर्माण

*793. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत घोसी विधान सभा में वर्ष 2025 में फल्गु नदी में आई बाढ़ के कारण झुनकी मोड़ से नंदना गाँव तक क्षेत्र अत्यधिक प्रभावित हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार भविष्य में बाढ़ से सुरक्षा हेतु कबतक उक्त क्षेत्र में बाढ़ प्रतिरोधी दीवार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क को डबल लेन करना

*794. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या 216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत NH-110 से मुरहरा, भाया-रतनी, फरीदपुर, ब्लॉक ऑफिस की सड़क सिंगल लेने होने के कारण नगरवासियों को प्रखंड मुख्यालय आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक डबल लेन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत (एन०एच०-110) केन्दुई से रतनी, फरीदपुर प्रखंड मुख्यालय तक पथ की कुल लम्बाई 20.00 कि०मी० एवं पथ क्रस्ट की चौड़ाई 3.75 कि०मी० है । ग्रामीण कार्य विभाग से अधिग्रहण के पश्चात् जर्जर पथ में पॉट पैच कार्य कराते हुए पथ को मोटरेबुल किया गया है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप Single Lane पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

---

सड़क का निर्माण

*795. श्री रमेश ऋषि (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत सिंहेश्वर प्रखंड के सिंहेश्वर बाजार के एन०एच० 106 शर्मा चौक से बिरैली होते हुए चौरा नहर पुल तक सड़क विगत । वर्षों से जर्जर हो गया है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*796. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखंड अंतर्गत रूपनी पंचायत के वार्ड सं० 14 में आशा कॉलेज के समीप सड़क पर अंग्रेजों के शासनकाल में निर्मित दो पुलिया था, जो वर्षा के दौरान ध्वस्त हो गया है, उक्त पुलिया के ध्वस्त हो जाने के कारण छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों को चकिया जाने के लिए लगभग 5 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुनः पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*797. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया प्रखंड अंतर्गत इमिलिया चौक जमुनिया से डुबहा पुल होते हुए नया टोला बांध तक लगभग ढाई किलोमीटर कच्ची सड़क है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*798. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के कमलदाहा पंचायत अन्तर्गत शेरशाहबादी लहना टोला में कोशी धार पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को अररिया प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क एवं नाला का निर्माण

*799. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर प्रखंड के रामपुर खुर्द पंचायत रेलवे underpass से कोंझिया बाइपास चौक तक सड़क एवं नाला की स्थिति जर्जर है जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नदी की सफाई

*800. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड भरगामा से होकर गुजरने वाली नदी हिरन, बिलेनिया खर्रा धार में अत्यधिक गाद भर जाने से मुख्य धारा प्रवाहित होने में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में भरी गाद की कबतक सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिया का निर्माण

*801. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पंडारक प्रखंड के गोवासा शेखपुरा पंचायत के ग्राम मीराचक स्थित मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय होते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र तक स्थित पईन की उड़ाही नहीं होने के कारण जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मीराचक ग्राम स्थित श्री बच्चन यादव के घर के पास एवं हनुमान मंदिर के पास स्थित पईन पर पुलिया नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मीराचक ग्राम स्थित पईन की उड़ाही कराकर समुचित जल निकासी की व्यवस्था करने के साथ-साथ खण्ड (2) में वर्णित स्थानों पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*802. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखंड अन्तर्गत पी०डब्लू०डी० करहरा मोड़ से परशुरामपुर, धनौत पुल होते हुए दाउदनगर पथ एवं धनौती ग्राम में धनौती पुल बहुत पुराना है जो जर्जर स्थिति में है जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, कभी भी दुर्घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार करते हुए धनौती पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पंपिंग स्टेशन की स्थापना

*803. श्रीमती शीला कुमारी (क्षेत्र संख्या-39 फुलपरास)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के भूतही बलान एवं कोशी पश्चिमी तटबंध के भीतर बसे गाँवों में वर्षा की पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सालो भर जल-जमाव रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में एंटी फलड स्लूईस गेट और आधुनिक उच्च क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन नहीं होने से जल-जमाव लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूतही बलान एवं कोशी पश्चिमी तटबंध के भीतर एंटी फलड स्लूईस गेट और आधुनिक उच्च क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन की स्थापना कर जल निकासी करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*804. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत जंगलाटाल पंचायत में थाना संख्या 651, तौजी संख्या 1172, खाता संख्या 99, खेसरा संख्या 111, रकबा 0.04 डि० में सहनी टोला, भवानीपुर में बने सामुदायिक भवन पर महेश चौधरी, पिता-स्व० लक्ष्मी चौधरी, ग्राम-भवानीपुर, थाना-अमदाबाद, जिला-कटिहार अवैध कब्जा कर रखा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*805. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा कशनपुर प्रखंड के कटैयाहे पंचायत वार्ड नं० 06 पंचायत उद्योग भवन से नहर होते हुए मुशहरी टोला ट्रांसफॉर्मर तक तथा अमहा पंचायत के वार्ड 08 आदर्श चौक से झीटकीयाही प्रा० वि० शर्मा टोला तक जाने वाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण लगभग 10 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों के सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*806. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या 53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अन्तर्गत पथरिया पंचायत के वार्ड नं० 15 हाड़ोंभिट्टा गाँव के बगल से बहने वाली टेमूर नदी पर पुल नहीं रहने से आमलोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*807. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, धमदाहा अंतर्गत मछलियां आदिवासी टोला से लादूगढ़ जाने वाली 4 किलो मीटर लम्बी पथ का निर्माण 5 वर्ष पूर्व कराया गया था, परन्तु इस पथ के मध्य में मछलियां धार पर पुल नहीं रहने के कारण निर्मित पथ से आवागमन का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार सुगम आवागमन हेतु मछलियां धार पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पुनर्निर्माण

*808. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत नकुनी में नकुनी पुल से कनुआकोट होते हुए औरा तक जाने वाली सड़क जर्जर हो जाने के कारण बड़े वाहन, छोटे वाहन सहित आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*809. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखंड पुनपुन के पटना-गया रेलवे लाइन से पश्चिम सरवां गुमटी मसौढ़ी से सिपारा गुमटी तक लगभग 28 कि०मी० तक सड़क कच्ची है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यह सड़क मसौढ़ी और फुलवारी विधान सभा के अलावा पटना शहर को जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री- वस्तुस्थिति यह है कि विषयगत पथांश पटना गया रेल लाइन के पश्चिम दिशा से रेलवे लाइन के समानान्तर है। यह पथांश रेलवे भूमि, रैयती भूमि एवं कई जगह ग्रीन फील्ड से आच्छादित है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे लाइन के पश्चिम के बासावट को सुगम आवागमन हेतु बसुहार के पास BRPNNL तथा सिपारा गुमटी के पास BSRDCL के द्वारा ROB का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के उपरान्त रेलवे के दोनों तरफ के बसावटों को बेहतर Connectivity प्राप्त हो जायेगी।

प्रश्नगत पथ के निर्माण पर तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप निर्णय लिया जायेगा।

पुल बनाना

*810. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत सोनबरसा से रजवाड़ा मठिया होते हुये भुतही तक 22.4 कि०मी० सड़क में मठिया के पास स्क्रू पाईल पुल धंस गया है, कभी भी दुर्घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड के अन्तर्गत मठिया ग्राम में स्क्रू पाईल पुल के स्थान पर आर०सी०सी० पुल बनवाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*811. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के एस०एच० 27 विदेश्वरस्थान से मझौड़ा तक की सड़क खराब एवं संकीर्ण रहने के कारण चार पहिया वाहनों को साइड लेने-देने में बहुत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण के साथ-साथ कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*812. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड में एम०आर० योजना के तहत सुदागंज-बरदाहा भाया मीना बाजार बौरी तथा एकंगरसराय प्रखण्ड के मीना बाजार से तेलहाड़ा होते हुये इस्लामपुर तक सड़कों की चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य वर्ष 2024-25 से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के एकरारनामा में योजना पूर्ण होने की समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद भी योजना पूर्ण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य पूर्ण नहीं कराने वाले दोषी संवेदक एवं अधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वित करना

*813. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2018-19 में केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली द्वारा जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के सकरी नाटा नदी जोड़ो योजना का डी०पी०आर० रिवीजन करने के लिये वापस भेजा गया है, परन्तु आजतक डी०पी०आर० रिवीजन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की नदी जोड़ योजनान्तर्गत नवादा जिला में सकरी-नाटा नदी जोड़ो से नहीं जुड़े होने के कारण प्रखण्ड अकबरपुर, नवादा, रोह, कौवाकोल, वारिसलीगंज, पकरीबरावां, काशीचक सहित शेखपुरा जिला के प्रखण्ड-अरियरी, चेवाड़ा एवं शेखपुरा के 40000 चालीस हजार, हेक्टयर कृषि योग्य भूमि में सिंचाई नहीं हो पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक सकरी-नाटी नदी जोड़ो योजना का डी०पी०आर० रिवीजन कर केन्द्रीय जल आयोग से स्वीकृत करवाकर इस योजना को कार्यान्वित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

*814. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड अन्तर्गत वार्ड नं० 12 ऐनायुल जी के घर से ब्रहमस्थान होते हुये पचभिन्डा राम टोला तक एवं ररियाही पंचायत के वार्ड नं० 1 में निर्धन राय के घर से रामप्रीत सदा के घर तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर है जिसके कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखंड कार्यालय बनाना

*815. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत सोनपुर प्रखंड में 23 पंचायत है, इस प्रखंड की आबादी अधिक होने के कारण सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार विकास कार्य को सुगम बनाने एवं सरकारी योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन हेतु सोनपुर प्रखंड के 23 पंचायत में से 10 पंचायत को काटकर नयागाँव को प्रखंड कार्यालय कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 11 फरवरी, 2026 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026